राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान State Level Bankers' Committee, Rajasthan	संयोजक Convener	बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

ज.अ./एस.एल.बी.सी./2026-27/ 152 **दिनांक: 14.05.2026**

- समस्त नियंत्रक, सदस्य बैंक, राजस्थान
- समस्त अग्रणी जिला प्रबन्धक, राजस्थान

महोदया/महोदय,

विषय: मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना (MYSY) के अंतर्गत बैंक स्तर पर लंबित आवेदनों के निस्तारण के संबंध में।

विषयान्तर्गत आयुक्त, उद्योग एवं वाणिज्य व कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व, राजस्थान सरकार द्वारा दिनांक 11.05.2026 को संयोजक, एसएलबीसी को पत्र (Rajkaj Ref No. 22140445) प्रेषित किया गया है, जिसमें योजनान्तर्गत धीमी प्रगति एवं लंबित आवेदनों पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। योजनान्तर्गत दिनांक 22.02.2026 से SSO पोर्टल के माध्यम से प्राप्त कुल **93,000 आवेदन पत्रों** में से लगभग **45,000 आवेदन पत्र** बैंक शाखाओं को अग्रेषित किए गए हैं। किंतु अब तक वित्तीय संस्थानों द्वारा मात्र **139 आवेदनों में ऋण स्वीकृति** एवं **83 आवेदनों में ऋण वितरण** किया गया है। यह प्रगति अत्यंत अल्प है, जिससे योजना का मूल उद्देश्य तथा लाभार्थियों को अपेक्षित लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है। दिनांक 13.05.2026 को सम्पन्न राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में भी इस विषय पर समीक्षा की गई थी। समिति को अवगत कराया गया कि योजना की प्रगति अपेक्षित स्तर पर नहीं है तथा लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण की अत्यावश्यकता है।

अतः सभी नियंत्रक एवं सदस्य बैंकों से अनुरोध है कि विषय की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण हेतु अपने अधीनस्थ शाखाओं को योजनान्तर्गत **स्पष्ट, समयबद्ध एवं क्रियाशील दिशा-निर्देश** प्रदान करें।

सभी अग्रणी जिला प्रबंधक अपने जिले हेतु **ठोस रणनीति तैयार करें**, दैनिक आधार पर शाखाओं से फॉलो-अप करते हुए योजना की समीक्षा सुनिश्चित करें तथा लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण कर योजना के उद्देश्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें।

कुछ अग्रणी जिला प्रबंधकों से प्राप्त फीडबैक के अनुसार, बैंक स्तर पर योजना में ऋण स्वीकृति हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश अभी तक जारी नहीं किए गए हैं। इस क्रम में बैंकों से आग्रह है कि भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशानुसार योजना में ऋण स्वीकृति हेतु **मार्गदर्शिका एवं सर्कुलर** अपनी शाखाओं को शीघ्र उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। यदि विभागीय स्तर पर किसी प्रकार का सहयोग या मार्गदर्शन अपेक्षित हो तो इसे अविलंब एसएलबीसी व विभाग के संज्ञान में लाया जाए, ताकि विभाग द्वारा प्रस्तावित तकनीकी एवं पोर्टल संबंधी बैठक में इस पर उचित चर्चा कर समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

भवदीय

(राज कुमार मीना)
उप महाप्रबंधक,
एसएलबीसी, राजस्थान

एसएलबीसी कार्यालय, छठा तल, बडौदा भवन, प्लॉट न. 13, एयरपोर्ट प्लाजा, दुर्गापुरा, टोंक रोड, जयपुर
SLBC Office, 6th Floor, Baroda Bhawan, Plot No. 13, Airport Plaza, Durgapura, Jaipur–302 018
फोन/Phone: 0141-2727126, 2727113 फैक्स/Fax: 0141-2727106 E-mail: slbc.rz@bankofbaroda.com website:www.slbcrajasthan.com